सम्मान निधि के नाम पर कांग्रेस मातृशक्ति के साथ फिर कर रही है ठगी: जयराम ठाकुर

विधानसभा के बाद लोकसभा के चुनाव में फिर से फॉर्म भरवाने के कांग्रेसी पैंतरे पर रोक लगाए चुनाव आयोग

- बीजेपी के लीगल सेल ने मुख्य चुनाव अधिकारी को पत्र लिखकर की कार्रवाई की मांग
- पिछले विधान सभा चुनावों में कांग्रेस कर चुकी है मातृशक्ति से ठगी, अब नहीं चलेगी कोई चाल

जगमार्ग न्यूज

शिमला। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस विधान सभा चुनावों की तरह इस बार के लोक सभा चुनावों में भी प्रदेश की मातृशक्ति को ठगने का प्रयास कर रही है। विधान सभा में कांग्रेस के नेताओं ने प्रदेश की 18 से 60 की महिलाओं को हर महीनें 1500 देने का गारंटी दी और लोगों से फॉर्म भी भरवा लिए, सरकार बन गई इसके बाद सब ख़ामोश बैठे रहे। कहा कि लोकसभा चुनाव में आचार संहिता के दौरान भी कांग्रेस द्वारा फिर से मुख्यमंत्री 'सुक्खू' और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के फोटो लगे फॉर्म प्रदेश की महिलाओं से भरवाए जा रहे हैं। एक बार फिर से चुनाव में मातृशक्ति के साथ धोखाधड़ी करने का प्रयास किया जा रहा है। इस बार भाजपा उनकी किसी भी चाल को कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने इसे चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए चुनाव आयोग से तत्काल प्रभाव से रोक लगने की माँग की।

जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस द्वारा खुलेआम आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है। चुनाव के ठीक पहले बिना बजट के सरकार द्वारा इस योजना की शुरुआत की गई। जबकि दो हफ़्ते पहले पारित बजट में इस योजना का ज़िक्र तक नहीं हैं। विधान सभा में एक बार कांग्रेस ने इस तरह से धोखाधड़ी कर ली लेकिन इस बार बीजेपी कांग्रेस को मातृशक्ति के साथ इस तरह का धोखा नहीं करने देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के लीगल सेल ने कांग्रेस सरकार की इस कारगुज़ारी की लिखित शिकायत मुख्य निर्वाचन अधिकारी से करते हुए महिलाओं से फॉर्म भरवाने पर रोक लगाने की माँग की है।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल समेत देश के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन हितकारी योजनाओं और सबका साथ और सबका विकास वाली नीतियों पर वोट देकर भाजपा को हिमाचल की हर सीट से जीत दिलायेंगे। प्रधानमंत्री द्वारा देश के लोगों के विकास के लिए चलाई गई योजनाओं के कारण सभी को लाभ मिल रहा है। उनके द्वारा चलाई गई सभी योजनाओं के करोड़ों में लाभार्थी हैं।

उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री की नीतियों और योजनाओं पर हिमाचल की जनता वोट करेगी। कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने डेढ़ साल में प्रदेश को पीछे ले जाने का काम किया। कांग्रेस की नाकामियों का जनता देगी जवाब देगी, हिमाचल में भाजपा को भारी जीत मिलेगी। क्योंकि देश को सिर्फ़ मोदी की गारंटी पर ही भरोसा है।

श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कड़ोल ने लगाई हाजरी

जगमार्ग न्यूज

होशियारपुर। श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर बस्सी गुलाम हुसैन में चल रहे एक करोड़ आहुतियों वाले होमात्मक कोटि श्री सूर्यनारायण महायज्ञ में सुप्रीम कोर्ट के माननीय न्यायाधीश जस्टिस संजय कड़ोल ने भाग लिया और यज्ञशाला की परिक्रमा की । इस अवसर पर उनके साथ भाजपा नेता अविनाश राय खन्ना व, सूद सभा होशियारपुर के अध्यक्ष अरविंद सूद, सचिव अनिल सूद व अनुराग सूद, आत्मसुख आश्रम के अध्यक्ष नवदीप सूद, अडिशनल सैशन जज जगदीप सूद, हर्षविंदर सिंह पठानिया, देविंदर सिंह पाली व अन्य श्रद्धालुजन उपस्थित थे। इस अवसर पर जस्टिस संजय कड़ोल ने कहा की होशियारपुर संतों की नगरी है और इसे छोटी काशी कहा जाता है । विश्व शांति व सर्वकल्याण के उद्देश्य से किए जा रहे सूर्य कोटी महायज्ञ में भाग ले कर उन्हें असीम आनंद की प्राप्ति हुई है। यह एक अति विलक्षण आयोजन है जो स्वामी उदयगिरी जैसे सिद्धयोगियों के पुरुषार्थ व तपबल के कारण ही संभव और सफल हो सकते हैं। उनका होशियारपुर में आना एक तीर्थयात्रा के समान है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि उन्हें यज्ञशाला की प्रक्रिमा का के पुण्य के भागी बनना चाहिए । जस्टिस संजय क़रोल ने यज्ञ के मुख्य पुरोहित गिरीश बडोला से किए जा रहे महा यज्ञ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की । श्री सिद्धेश्वर मंदिर के आध्यात्मिक प्रमुख स्वामी उदयगिरी ही महाराज ने कहा कि इस तरंह के यज्ञों में भाग लेने का अवसर पूर्व जन्मों के पुण्यों के कारण ही प्राप्त होता है । पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने कहा कि हमारे लिए गर्व का विषय है कि जस्टिस संजय कड़ोल का होशियारपुर में आगमन हुआ है । वह एक धार्मिक प्रवृत्ति की शख़्सियत हैं और उन्होंने श्री सिद्धेश्वर मंदिर के अतिरिक्त श्री सुक्की चोई आश्रम और टांडा रोड पर स्थित विरक्त कुटिया के भी दर्शन किए हैं। तीक्ष्ण सूद ने भी उनका होशियारपुर आने पर स्वागत किया और कहा कि जस्टिस संजय कड़ोल धर्म व न्याय की प्रतिमूर्ति हैं ।

न्यूज डायरी

अनिल जैन ने आशा किरण स्कूल को 11 हजार का दान दिया

होशियारपुर (जगमार्ग न्यूज)। जेएसएस आशा किरण स्पेशल स्कूल जहानखेला में पहुंचे अनिल जैन एवं अलका जैन ने स्कूल सोसायटी के सदस्यों को 11 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर सचिव हरबंस सिंह, मलकीत सिंह महेरू, हरीश ठाकुर, हरमेश तलवाड़, राम आसरा, कोर्स कोऑर्डिनेटर बरिंदर कुमार, प्रिंसिपल शैली शर्मा, मास्टर एग्रिम जैन, स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे। इस अवसर पर सचिव हरबंस सिंह ने अनिल जैन एव उनके परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि स्कूल सोसायटी को दानदाताओं द्वारा लगातार मदद की जा रही है तथा स्कूल सोसायटी एव स्टाफ विशेष बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं।

अकाली दल के जहानखेलां सर्कल ने लाली बाजवा का किया सम्मान

होशियारपुर (जगमार्ग न्यूज)। अकाली दल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए जतिंदर सिंह लाली ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने अब तक उन्हें जो भी जिंमेवारी सौंपी उसे तनदेही के साथ निभाया गया हैं और वह भविष्य में भी जमीनी स्तर पर पार्टी के लिए कड़ी मेहनत करते रहेंगे। बाजवा द्वारा अपने घर पर पार्टी नेताओं के साथ की गई बैठक के दौरान सर्कल जहानखेला से जगतार सिंह, इकबाल सिंह, हरजीत सिंह, तरसेम सिंह, राणा गोयल और दिलबाग सिंह ने लाली बाजवा को सममानित करते हुए उन्हें बधाई दी। इस समय जगतार सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से एक मंच पर आकर पार्टी की बेहतरी के लिए काम करने की अपील की, उन्होंने कहा कि लाली बाजवा ने हमेशा पार्टी की प्रगति के लिए काम किया है और सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं को ऐसा करना चाहिए, हमें भी निस्वार्थ भाव से काम करना चाहिए ताकि राज्य में दोबारा अकाली दल की सरकार बने।

एचडीसीए सेंटर में क्रिकेटर खिलाड़ियों को मिल रही अच्छी सुविधा: सोमी कोहली

होशियारपुर (जगमार्ग न्यूज)। नौवें ठाकुर वरियाम मैमोरियल के फाइनल मैच में बास (बमपायर) स्पोटर्स कंपनी के मालिक सोमी कोहली का होशियारपुर आगमन पर एचडीसीए ने उन्हें विशेष तौर पर सम्मानित किया। इस अवसर पर सोमी कोहली ने टूर्नामैंट कमेटी व एचडीसए को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंजाब में ऐसे बहुत कम क्रिकेट के टूर्नामैंट होते है जिनका स्तर राष्टीय स्तर का होता है। ठाकुर वरियाम सिंह मैमोरियल टूर्नामैंट उनमें से एक है। इस अवसर पर उन्होंने नए खिलाडियों को मेहनत व अनुशासन के साथ क्रिकेट को खेलते हुए अपने परिवार, जिला व पंजाब का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा चलाए जा रहे सैंटर की तारीफ करते हुए कहा कि कितनी अच्छी सुविधाओं से ही बच्चों को क्रिकेट में आगे बढ़ने के अच्छे मौके मिलते है। इस अवसर पर एचडीसीए के सचिव डा. रमन घई ने कहा कि होशियारपुर वासियों के लिए सोभाग्य के बात है कि सोमी कोहली जी ने एचडीसीए सैंटर में आकर बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर एचडीसीए ने अध्यक्ष डा. दलजीत खेला के नेतृत्व में सोमी कोहली को एचडीसीए सैंटर पहुंचने पर विशेष तौर पर सम्मानित किया। इस अवसर पर डा. दलजीत खेला, पूर्व रणजी खिलाड़ी अरुण बेदी, सतप्रीत साबी, सोनू ठाकुर, तरुण खोसला, विजय गट्टा, अनिल हंस, भुपेश थापा, राजा सैनी, चिंटू हंस, जसवीर सिंह, राजेश खोसला, सतीश मामा, नरेश कालू, दीपक के अलावा जिला ट्रेनर कुलदीप धामी, जिला कोच दलजीत सिंह, अशोक शर्मा, दलजीत धीमान, जिला महिला कोच दविंदर कौर, राष्टीय खिलाड़ी सुरभी, अंजली शिमर, पूजा रानी, शिवानी, निरंकार, वंशिका, हैरल वशिष्ट, अर्यन आदि खिलडियों ने सोमी कोहली को सम्मानित किया।

आबकारी विभाग ने जिला ऊना में भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की

शिमला (जगमार्ग न्यूज)। राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त डॉ. युनुस ने आज यहां बताया कि विभाग की जिला ऊना की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आज एक वॉटलिंग प्लांट के निरीक्षण के दौरान शराब से भरे ट्रक को जब्त किया। इस ट्रक में शराब की 474 पेटियां (4274 लीटर) पाई गईं। वॉटलिंग प्लांट के निरीक्षण के दौरान भी अनियमिताएं पाई गईं जिसके उपरांत विभाग ने कार्रवाई करते हुए 1,28,033 लीटर एकस्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल, भारत निर्मित विदेशी शराब और देशी शराब का स्टॉक कब्जे में लेने के उपरांत प्लांट को सील कर दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिला ऊना में विभाग की टीम द्वारा की गई कार्रवाई का नेतृत्व उपायुक्त, राज्य कर एवं आबकारी, जिला ऊना विनोद डोगरा ने किया।डॉ. युनुस ने कहा कि विभाग द्वारा अवैध शराब के कारोबार तथा अन्य गैर कानूनी गतिविधियों पर कड़ी नज़र रखी जा रही है।

शिअद विधायक सुक्खी के आप में जाने की चर्चा

चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के विधायक डा. सुखविंदर सिंह सुक्खी के बीते दो दिनों के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत मान से दो बार मुलाकात ने उनके आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल होने की चर्चाओं को हवा दे दी है। हालांकि सुक्खी ने ऐसी किसी संभावना से इंकार किया है। जानकारी के अनुसार, शिअद के सीनियर नेता और बंगा से विधायक डा. सुखविंदर सिंह सुक्खी ने रविवार को मुख्यमंत्री मान से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच यह बैठक करीब सवा घंटा चली। इससे पहले सुक्खी ने शनिवार को भी मुख्यमंत्री से उस समय मुलाकात की थी, जब वह खटकड़ कलां में एक म्यूजियम का शुभारंभ करने गए थे। लगातार दो दिन की मुलाकातों ने सुक्खी को मीडिया की सुर्खियों में ला दिया। सोमवार को जब मीडिया ने सुक्खी से उनकी मुलाकातों के बारे में जानना चाहा तो उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से उनकी मुलाकात तो हुई है लेकिन उनकी पार्टी में शामिल होने जैसी कोई बात नहीं है। सुक्खी ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री से बातचीत में अपने हलके के मुद्दे उठाए थे। उन्होंने आगे कहा कि अगर पार्टी ज्वाइन करनी तो वह पहले ही कर लेते। खटकड़कलां में मुख्यमंत्री से मुलाकात के बारे में उन्होंने कहा कि वह अपने हलके में मेडिकल कालेज खोलने की बात नहीं रख पाए थे। इस संबंध में डीसी नवांशहर से चर्चा की लेकिन डीसी शायद उनकी बात नहीं समझे और उन्होंने सीएम स्टाफ से कहा कि डा. सुक्खी हैलीपेड पर मुख्यमंत्री से मिलना चाहते हैं। इस पर सीएम स्टाफ का जवाब आया कि मुख्यमंत्री उन्हें रविवार को 11 बजे अपने आवास पर मिलेंगे। सुक्खी ने आगे कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर अपने हलके के मुद्दे उठाए थे।

चुनावी बॉन्ड पर विपक्षी दल परेशान: नंदा

जगमार्ग न्यूज

शिमला। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर चुनावी बॉन्ड डेटा के प्रकाशन पर विपक्ष के हंगामे के बीच भाजपा ने अब पलटवार किया है। भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि कुल 20 हजार करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड में से भाजपा को तो 6000 करोड़ का चंदा दिया गया है, जबकि बाकी विपक्षी पार्टियों को मिला है। नंदा ने कहा, ष्कुल 20000 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड में से 6000 करोड़ रुपये के बॉन्ड बीजेपी के पास गए हैं, जबकि 14000 करोड़ रुपये के बॉन्ड विपक्ष के पास गए हैं। हर कोई जवाबदेह है और सुप्रीम कोर्ट का फैसला सभी के लिए समान रूप से लागू होगा। चुनावी बॉन्ड को लाने के बारे में बोलते हुए कर्ण नंदा ने कहा कि इन बॉन्ड के तहत राजनीतिक दलों को दान किए गए धन का हिसाब-किताब किया जाता है, क्योंकि वे बैंकों और कंपनी के अकाउंट्स के माध्यम से सामने आ जाते हैं। भाजपा ने कहा कि चुनावी बॉन्ड योजना इसलिए शुरू की गई थी, ताकि नकदी के माध्यम से भ्रष्टाचार को रोका जा सके। आज, पैसा बैंकों और कंपनियों के अकाउंट्स के माध्यम से आते हैं। पहले, यह सारा पैसा नकद में आता था। यह काला धन था।

वहीं, डीएमके को इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से 656.5 करोड़ रुपए मिले, जिसमें लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के फ्यूचर गेमिंग से 509 करोड़ रुपए भी शामिल हैं। देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस जीकी देश में 33 लोक सभा सीटें है ने 1,334.35 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बॉन्ड कैश कराए हैं। इसके अलावा ओडिशा की सत्ताधारी बीजेडी को 944.5 करोड़ रुपए इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए मिले हैं। वहीं आंध्र की सत्ताधारी पार्टी टीडीपी को 181.35 करोड़ रुपए का चंदा मिला है।

हिमाचल में 6.38 लाख मतदाता मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र

- 138918 पहली बार दबाएंगे ईवीएम का बटन

जगमार्ग न्यूज

शिमला। हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा और छह विधानसभा की रिक्त सीटों के लिए एक जून को मतदान होगा, इसमें 56.38 पात्र मतदाता हैं और 138918 पहली बार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का बटन दबाएंगे। राज्य के मु य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि 18 से 19 वर्ष की आयु के लगभग 2.50 प्रतिशत या 138918 युवाओं ने मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया, जिनमें 75001 पुरुष और 63916 महिलाएं और एक तिहाई लिंग शामिल हैं।

घटकों की जनसांि यकीय प्रोफ़ाइल जारी करते हुए सीईओ ने बताया कि ईसीआई ने अप्रैल 2024 तक राज्य में पात्र मतदाताओं की सूची प्रकाशित की है। ईसीआई के वर्तमान आंकड़ों के अनुसार लगभग 56.38 लाख मतदाता जिनमें 281545 पुरुष, 2757660 महिलाएं और 35 तीसरे लिंग के मतदाता शामिल हैं। अपने मताधिकार का प्रयोग करें। राज्य में 20 से 29 आयु वर्ग के 1040756 यानी 19 प्रतिशत और 85 आयु वर्ग के 60995 मतदाता हैं। 85 और उससे अधिक आयु वर्ग के सभी मतदाताओं को मतदान से एक दिन पहले उनके दरवाजे पर मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी। और इस आयु वर्ग का कोई भी छूटा हुआ व्यक्ति इस सुविधा के लिए आवेदन कर सकता है। सीईओ ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को मतदान केंद्र पर जाने के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है और एक फॉर्म भरकर घर बैठे मतदान करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। नए मतदाताओं को पंजीकृत करने के लिए ईसीआई विंडो या फ्रंट डेस्क जारी होने तक खुली रहेगी। 7 मई, 2024 को अधिसूचना के अनुसार, और जो लोग जुलाई से अक्टूबर 2024 में 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके हैं, वे नामांकन कर सकते हैं। मनीष गर्ग ने बताया कि नामांकन दाखिल होने तक मतदाता सूची में नये नाम शामिल किये जायेंगे। ताशीगंगा दुनिया का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र है। मंडी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लाहौल स्पीति जिले की स्पीति घाटी में समुद्र तल से 15256 फीट की ऊंचाई पर स्थित ताशीगंग मठ राज्य का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र होगा, जहां लगभग 50 मतदाता होंगे। किन्नौर जिले के कल्पा में का-6 में 5 ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 16 मतदाताओं के साथ सबसे छोटा मतदान होगा। शिमला संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत समरहिल-2 मतदान केंद्र में केवल 34 वोट होंगे।

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चंबा जिले की डलहौजी विधानसभा के मनोल-1 मतदान केंद्र में सबसे अधिक 1410 मतदाता हैं। ईसीआई ने राज्य में कुल 7990 मतदान केंद्र बनाए हैं जो पिछले चुनाव की तुलना में 267 अधिक हैं। राज्य में करीब 231 मतदान केंद्रों पर 1200 से ज्यादा मतदाता हैं।

साबी इलेवन होशियारपुर ने नौवां ठाकुर वरियाम सिंह यादगारी क्रिकेट टूर्नामेंट जीत किया ट्राफी पर कब्जा

- साबी इलेवन होशियारपुर ने टेलेंट स्पोटर्स दिल्ली को 21 रनों से दी करारी हार

तरसेम दीवाना

होशियारपुर (जगमार्ग न्यूज)। नौवां ठाकुर वरियाम सिंह मैमोरियल ऑल इंडिया टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट साबी क्लब के प्रधान सतप्रीत साबी, अमनदीप सिंह शैला, विनोद ठाकुर, सोनू ठाकुर की अध्यक्षता में फाइनल मैच रेलवे मंडी ग्राउंड में खेला गया। जिसमें साबी इलैवन होशियारपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट अपने नाम किया। जानकारी देते हुए क्लब के प्रधान सतप्रीत साबी ने बताया कि टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला साबी इलैवन और टेलेंट स्पोर्ट्स दिल्ली की टीम के बीच खेला गया। जिसमें साबी इलैवन ने 21 रन से टूर्नामेंट जीतकर 3 लाख व शानदार ट्राफी पर अपना कब्जा किया। ट इस टूर्नामेंट में मैच रैफरी की भूमिका पूर्व राष्ट्रीय क्रिकेटर कुलदीप धामी, एपायर की भूमिका दलजीत सिंह इंजी, सौरव विज, एपी सिंह, कमेंटेटर अलंकार गौतम, मोहम्मद अशीश, ऑन लाइन स्कोरर की भूमिका साहिल व अनुतर, मैनुअल स्कोरर जयंत शर्मा ने भूमिका निभाई। इस मौके पर विशेष तौर से पहुंचे बास कंपनी के एमडी सोमी कोहली के अलावा एचडीसीए अध्यक्ष डा. दलजीत सिंह खेला, एचडीसीए के सचिव डा. रमन घई, अमरजीत सिंह, जेपी सिंह, मनिंदरपाल सिंह, अरविंदरपाल सिंह, सतिंदर सिंह, मनी कैनेडा, सुमित कपूर, चंद्र शेखर, तुषार शर्मा, जतिन संदल, कंवर राहत, दमी कैलगिरी, सिम्म मांगट, अनुज शर्मा, रोहित मेहता, दीपक, हनी, हैरी, गौरव बेदी, नवजीत कौर, हरसिमरन सिंह, जसप्रीत कौर, जयवीर सिंह, किरपलीन कौर, सोनू ठाकुर, वनीता ठाकुर, वीनस ठाकुर, पूनम छिब्बा, अरमान ओहरी, समायरा ठाकुर, सायरा ठाकुर, विनोद ठाकुर, रणवीर ठाकुर, रोपिंदर राणा, पूर्व रणजी ट्राफी खिलाड़ी अरुण बेदी, तरूण खोसला, विजय गट्टा, भूपेश थापा, सतीश मामा, जसवीर सिंह घोड़ी आदि विशेष तौर पर उपस्थित हुए। इस मौके पर जिला ट्रेनर कुलदीप धामी, जिला कोच दलजीत सिंह, दलजीत धीमान, अशोक शर्मा, जिला महिला कोच दविंदर कल्याण, अनिल हंस, चिंटू हंस, पंकज कुमार, विनोद बोदी, पाली पट्टी, नीरज सूद, विजय गिल, राजकुमार, नरेश कुमार, दीपक कुमार, सुमित कुमार, निक्कू गिल, ग्राउंड मैन सोढी आदि मौजूद थे।

शिअद-भाजपा और आप-कांग्रेस गठबंधन की उम्मीदें अभी बाकी

चंडीगढ़। पंजाब में अपने-अपने दम पर लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके चारों प्रमुख दल- शिअद, भाजपा, आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस ने गठबंधन की उम्मीद को छोड़ा नहीं है। एक तरफ शिअद और भाजपा के बीच गठबंधन को लेकर अंदरखाते बातचीत के संकेत मिले हैं वहीं आप और कांग्रेस भी शिअद-भाजपा पर नजर गढ़ाए हुए हैं। सूत्रों के अनुसार, शिअद के लिए भाजपा से गठबंधन में सबसे बड़ी परेशानी मौजूदा किसान आंदोलन है। पिछले किसान आंदोलन के कारण ही पार्टी को भाजपा के साथ अपना 24 साल पुराना गठबंधन तोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था। उधर, भाजपा हाईकमान की तरफ से भी गठबंधन के लिए हाथ बढ़ाया जा रहा है लेकिन उसमें भाजपा की मांग तीन की बजाए पांच सीटों की है। इस बीच, आप द्वारा पांच सीटों पर उम्मीदवार नहीं घोषित किए जाने को लेकर चर्चा है कि इंडिया गठबंधन के तहत ही कांग्रेस और आप पंजाब में गठजोड़ की संभावनाएं अब भी तलाश रहे हैं। शिअद की तरफ से 22 मार्च को कोर कमेटी की बैठक बुलाई गई है, जिसे लेकर बताया गया है कि पार्टी इस बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए अपनी रणनीति को अंतिम रूप देगी।

स्व. डॉ. वेद प्रकाश भगत की याद में 26 मार्च को लगेगा मुफ्त खूनदान कैंप: डॉ वरिंदर

हरीश कुमार

अमृतसर (जगमार्ग न्यूज)। अमृतसर के खंडवाला में अमृतसर मेडिसिटी अस्पताल के एडमिनस्टेटर डॉ. वरिंदर कुमार ने बताया कि स्व- डॉ. वेद प्रकाश भगत की याद में 26 मार्च मंगलवार को छोटा हरीपुरा भगत कबीर मंदिर में मूफ़्त खूनदान कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में अमृतसर मेडीसिटी अस्पताल के डॉ. विशाल भगत (बीएएमएस) शामिल होंगे जो कि जरूरतमंद लोगों का मुफ्त चैकअप करेगें और मूफत दवाईयां देंगे। डॉ. वरिंदर कुमार ने बताया कि इस कैंप में इस्लामाबाद के कौंसलर सुरेंद्र कुमार शिन्दा व अन्य कार्यकर्ता विशेष रूप में शामिल होंगे। उन्होंनो कहा कि मुफ्त कैंप का आयोजन करके हम मानवता की सेवा कर रहे हैं। खूनदान से किसी दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की मदद की जा सकती है और कई बीमारियों से पीड़ित लोगों की मदद की जा सकती है। उन्होंने कहा कि खून देकर किसी व्यक्ति की कीमती जान भी बचाई जा सकती है। इस मौके पर खून दानियों का विशेष रूप से सम्मान किया जायेगा।

- कहा, कैंप का आयोजन करके हम मानवता की सेवा कर रहे हैं
- कैंप में जरूरतमंद लोगों का मुफ्त चेकअप और दवाईयां मिलेंगी

अमनदीप अस्पताल के मुख्य डॉ. अवतार सिंह को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

साहिब दयाल

अमृतसर (जगमार्ग न्यूज)। सर्जन सोसायटी ऑफ इंडिया ने अमनदीप ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के मुख्य आर्थोपेडिक सर्जन और रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ डॉ. अवतार सिंह को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड देकर सम्मानित किया। आर्थोपेडिक्स के क्षेत्र में उनके योगदान के सम्मान में उन्हें यह पुरस्कार दिया गया। डॉ. अवतार सिंह 30 बरसों से अधिक समय से चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता के प्रतीक रहे हैं। डॉ. सिंह ने विभिन्न प्रकार की आर्थोपेडिक स्थितियों के इलाज में कौशल और विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया है।

उन्होंने आर्थोपेडिक साहित्य और अकादमिक गतिविधियों में योगदान दिया है जिसने आर्थोपेडिक विशेषज्ञों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित किया है। पुरस्कार प्राप्त करने पर डॉ. सिंह ने कहा कि वह सोसायटी के प्रति अपना आभार व्यक्त करते है।

यात्रा पंजाब बचाओ यात्रा को भुच्चो और बठिंडा हलके में जोरदार समर्थन मिला

सुखबीर ने लोस चुनाव लड़ रहे राज्य के 5 मंत्रियों के इस्तीफे मांगे

- कहा, राज्य 2.5 महीने अपने कार्यालयों से मंत्रियों की गैरहाजरी के कारण शासन में गतिहीनता बर्दाश्त नही कर सकता

जगमार्ग न्यूज

बठिंडा। शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने सोमवार आम आदमी पार्टी के उन पांच मंत्रियों से इस्तीफे की मांग की है, जिन्हे आगामी लोकसभा चुनाव में लड़ने के लिए टिकट दिया गया है उन्हे लोगों की भलाई के हित को ध्यान में रखते हुए तत्काल अपने मंत्रालयों से इस्तीफा दे देना चाहिए। पार्टी की पंजाब बचाओ यात्रा के तहत भुच्चो मंडी और बठिंडा शहरी विधानसभा हलको में अकाली दल अध्यक्ष का अभूतपूर्व स्वागत हुआ। उन्होने कहा अगले दो दिनों तक इन मंत्रियों की अपने कार्यालयों से अनुपस्थिति के कारण राज्य शासन में गतिरोध बर्दाश्त नही कर सकता है। इसके अलावा कृषि, स्वास्थ्य और परिवहन सहित प्रमुख कार्याल्यों में शामिल मंत्रियों- डॉ. बलबीर सिंह, गुरमीत सिंह खुडियां, गुरमीत सिंह मीत हेयर, कुलदीप सिंह धालीवाल और लालजीत सिंह भुल्लर को तत्काल अपने पदों से इस्तीफा देना चाहिए। पंजाब बचाओ यात्रा के बारे में बोलते हुए सरदार बादल ने इसे तुफानी बदलाव में बदलने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा,'' यह तुफान पूरे पंजाब में चल रहा है और इसके परिणामस्वरूप आप पार्टी को पंजाब से उखाड़ फेंक दिया जाएगा। उन्होने यह भी बतायाकि पिछले सात सालों के दौरान कांग्रेस और आप दोनों ने पंजाब की अर्थव्यवस्था को कैसे तबाह किया। यह कहते हुए कि अकाली दल पंजाबियों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है और हमेशा उन्हे पूरा करने के लिए हमेशा काम किया है। बादल ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री सरदार परकाश सिंह बादल ने अपने घर पर ही संगत दर्शन कार्यक्रम आयोजित किए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपकी शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया जाए। बीबा हरसिमरत कौर बादल ने इस क्षेत्र में सराहनीय सेवा की है और बठिंडा में एक केंद्रीय यूनिवर्सिटी के अलावा एक प्रतिष्ठित एम्स संस्थान भी स्थापित किया है। उन्होने कहा,'' आपने देखा है कि कैसे बठिंडा और पूरा संसदीय हलका अकाली दल के कार्यकाल के दौरान एक मॉडल हलके में बदल गया था, जिसमें विश्वस्तरीय सड़कें, पुल और अन्य बुनियादी ढ़ांचे शामिल थे।

अकाली दल अध्यक्ष के साथ पार्टी के जनरल सचिव मोहित गुप्ता, भुच्चो मंडी के हलका इंचार्ज मान सिंह गुरु, बठिंडा शहरी हलका इंचार्ज बबली ढ़िल्लों, स्त्री अकाली दल की अध्यक्ष बीबी हरगोबिंद कौर, जिला शहरी प्रधान बलकार सिंह बराड़ , जिला शहरी प्रधान राजविंदर सिंह, जिला यूथ प्रधान कमलदीप सिंह और हसरत मिडडूखेड़ा भी मौजूद थे।

हिमाचल प्रदेश में धुंधी पुल के पास हिमस्खलन, मनाली-केलांग मार्ग बंद

शिमला (जगमार्ग न्यूज)। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिले के मनाली-केलांग मार्ग रविवार रात करीब डेढ़ घंटे तक आवाजाही के लिए बंद रहा। धुंधी पुल के समीप रविवार रात हिमस्खलन हो गया। इस कारण सड़क दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गई। लाहौल जिला आपदा प्रबंधन ने हिमस्खलन के बाद वाहनों की आवाजाही रोक दी। मनाली-केलांग मार्ग बंद होने की सूचना बीआरओ को मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और सड़क को बहाल करने का कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद सड़क को डेढ़ घंटे के बाद बहाल किया गया। रात 10:00 बजे बंद हुए मनाली-केलांग मार्ग को बीआरओ ने 11:30 बजे बहाल कर दिया। अटल टनल रोहतांग के आसपास भारी बर्फबारी हुई है। ऐसे में कई जगहों पर हिमस्खलन का खतरा बना हुआ है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि मार्ग को अब यातायात बहाल कर दिया है। सोमवार से पर्यटकों को भी फोर बाई फोर वाहनों में जाने की अनुमति दी गई। इधर, पर्यटन नगरी मनाली में सैर सपाटे का आनंद लेने आए पर्यटक अटल टनल का दीदार भी कर सकेंगे। प्रशासन ने पर्यटकों को फोर बाई फोर वाहनों में सोलंगनाला से आगे भेजना शुरू कर दिया है। हालांकि, अन्य पर्यटक वाहनों को फिलहाल सोलंगनाला से आगे जाने की अनुमति नही है। सड़क पर ब्लैक आइस जमने की आशंका को देखते हुए पर्यटकों के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। पर्यटक सुबह 10:00 से शाम 4